समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# भारत-पाकिस्तान टकराव के बीच तेजी से बढ़ा सोने का दाम, अब इतने हजार का मिलेगा 10 ग्राम।

Publisher

Published on 10 May 2025



## भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव ने भी घरेलू बाजार मे सेफ-हेवन डिमांड यानी सोने की मांग को और तेज कर दिया है. हालांकि, दाम अभी और कितने बढ़ेगें इसपर कुछ भी कह पाना जल्दीबाजी होगी.

पिछले दो हफ्तों की गिरावट के बाद इस हफ्ते सोने में जोरदार उछाल देखने को मिला. घरेलू बाजार में MCX गोल्ड के रेट 4 फीसदी से ज्यादा चढ़े, वहीं स्पॉट गोल्ड की कीमतों में 2.65 फीसदी की तेजी दर्ज की गई. MCX पर शुक्रवार को सोना 96,535 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ, जो पिछले सप्ताह के 92,700 रुपये के मुकाबले 3,835 रुपये की बढ़त है.

रुपये की गिरावट ने बढ़ाई घरेलू बाजार में तेजी
विशेषज्ञों के अनुसार, सोने की इस रैली में भारतीय रुपये की गिरावट ने भी अहम भूमिका निभाई. बीते हफ्ते रुपया डॉलर के मुकाबले 1 फीसदी से ज्यादा कमजोर हुआ, जिससे घरेलू बाजार में सोना और महंगा हो गया. इस वजह से निवेशकों ने सुरक्षित विकल्प के तौर पर सोने की खरीदारी की.

अमेरिका की अनिश्चितता बनी बड़ी वजह
अमेरिकी फेडरल रिज़र्व ने ब्याज दरें 4.5 फीसदी पर स्थिर रखी हैं. इसके अलावा, अमेरिका में आर्थिक अस्थिरता और बढ़ते टैरिफ का असर गोल्ड की मांग पर साफ दिख रहा है. बैंक ऑफ इंग्लैंड की 25 बेसिस प्वाइंट्स की कटौती ने भी गोल्ड प्राइस को सपोर्ट दिया है.

## बॉर्डर टेंशन और ग्लोबल टैरिफ वॉर भी वजह

इस समय निवेशक बाजार की अनिश्चितता से डरे हुए हैं. अमेरिका की ओर से विदेशी फिल्मों और फार्मा सेक्टर पर टैरिफ की धमकी ने वैश्विक बाजार में तनाव बढ़ा दिया है. वहीं, भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव ने भी घरेलू बाजार में सेफ-हेवन डिमांड यानी सोने की मांग को और तेज कर दिया है. हालांकि, अमेरिका-चीन ट्रेड टॉक्स और अमेरिका-यूके के नए ट्रेड डील की खबरों ने बाजार को थोड़ी स्थिरता दी है. लेकिन वैश्विक असमंजस अभी भी कायम है.

## अब खरीदें या रुकें ? जानिए गोल्ड का आउटलुक

फिलहाल गोल्ड का रेट 94,500 से 97,500 के बीच रह सकता है. अगर ये 97,500 का लेवल टूटता है तो यह 98,780 या फिर रिकॉर्ड हाई 99,358 रुपये तक भी जा सकता है. वहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना 3,280 डॉलर प्रति औंस पर सपोर्ट बना हुआ है, जो 3,420 डॉलर तक का रास्ता खोल सकता है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.